15 अप्रैल 2026
बुधवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



बक्सर में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि प्रशासनिक अधिकारियों ने किया माल्यार्पण
2



## एक नजर

### ओडिशा में मिड-डे मील का खाना खाने से 100 बच्चे बीमार, एक छात्रा की मौत

**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सरकारी आदिवासी आवासीय स्कूल में दोपहर का भोजन करने के बाद 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। वहीं, अस्पताल में इलाज के दौरान पांचवीं कक्षा की एक छात्रा रूपाली बेसरा ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।बताया जा रहा है कि स्कूल के प्रधानाध्यापक ने निर्धारित मेन्यू को दरकिनार करते हुए बच्चों को अपनी मर्जी से खाना परोसा था। बच्चों के माता-पिता के अनुसार, उस दिन बच्चों को पखाला यानी बासी भात, आलू का चोखा और आम की चटनी दी गई थी। खाना खाने के कुछ ही घंटों बाद बच्चों ने पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू कर दी।मयूरभंज के जिला कलेक्टर हेमा कांत साय ने इस मामले में सख्त रुख अपनाया है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सिर्फ सेना ही नहीं, जनता की भी जिम्मेदारी : डोभाल

**अहमदाबाद ।** राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की ताकत सिर्फ उसकी सेना या तकनीक से नहीं, बल्कि उसके लोगों की इच्छाशक्ति से तय होती है। डोभाल ने साफ किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक जटिल और बहुआयामी विषय है, जिसमें कई कारक मिलकर देश को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में डोभाल ने कहा कि अक्सर देश की ताकत का आकलन करते समय लोगों की इच्छाशक्ति को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जो सबसे बड़ी गलती होती है। उन्होंने कहा कि सेना, तकनीक, संसाधन और कूटनीति महत्वपूर्ण हैं, लेकिन जनता की ताकत निर्णायक होती है। डोभाल ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सेना, पुलिस या खुफिया एजेंसियों की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## लोकसभा में सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव लाएगी केंद्र सरकार, 543 से बढ़कर 850 होंगे सांसद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद का जो विशेष सत्र बुलाया है, उसमें लोकसभा के विस्तार का प्रस्ताव रखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने जा रही है और इसका मसौदा विधेयक सभी सांसदों को भेज दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, 850 सीटों में से 815 सीटें राज्यों को आवंटित होंगी और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आरक्षित होंगी। केंद्र सरकार लोकसभा विस्तार को आकार देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 82 में बदलाव करके अनिवार्य निर्वाचन क्षेत्र की पुनसीर्मा की प्रक्रिया से हटा देगी। पत्रकार अरविंद गुनासेकर ने एक्स पर लिखा कि वर्तमान में अनुच्छेद 82 के तीसरे प्रावधान में साफ लिखा है कि 2026 की जनगणना के बाद अगली पुनसीर्मा होगी, लेकिन विधेयक में यह प्रावधान को हटा दिया जाएगा। अभी तक दक्षिण राज्य 2026 की जनगणना के हिसाब से सीटों के बंटवारे पर चिंतित थे।

### 2011 के जनगणना के आंकड़ों का होगा उपयोग

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन की आवश्यकता से अलग करने का प्रस्ताव रखा है। दरअसल, महिला आरक्षण विधेयक 2023 को अगली जनगणना के बाद ही लागू होना था, ऐसे में इस कानून पर अमर 2034 तक नहीं हो पाता, जबकि सरकार इसे 2029 तक लाने की तैयारी कर रही है। ऐसे में केंद्र हाल में होने वाली जनगणना की जगह 2011 की जनगणना का उपयोग करेगी, ताकि ये 2029 तक लागू हो।

### संविधान में संशोधन के लिए चाहिए 2 तिहाई बहुमत

विशेष सत्र में लोकसभा सीटों का विस्तार किया जाएगा, जिसमें महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित होंगी। इससे अनुसूचित जाति की सीटें 84 से 126/136 और अनुसूचित जनजाति की सीटें 47 से बढ़कर 70 हो जाएंगी। इसके अलावा, सरकार परिसीमन विधेयक, 2026 पेश करेगी, जिसके तहत 2011 जनगणना के आंकड़ों के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण होगा। इसके लिए 2 प्रमुख संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता है और संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत होना जरूरी है।

## सीएम ममता ने भाजपा को बताया 'बांग्ला-विरोधी जमींदार

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी रैली के दौरान भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्षी दल को बांग्ला-विरोधी जमींदार बताते हुए आरोप लगाया कि भाजपा राज्य के लोगों को बांटने और उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी रैली का वीडियो साझा करते हुए बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान और बांकुड़ा के मतदाताओं से अपील की कि वे टीएमसी को लगातार चौथी बार सत्ता में लाएं। उन्होंने लिखा कि राज्य की जनता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और पिछले 15 वर्षों में जो कुछ भी हासिल हुआ है, वह मां-माटी-मानुष की साझी ताकत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मेरे भाई-बहन मेरी सबसे बड़ी पूंजी हैं। बीरभूम, पूर्व और पश्चिम बर्धमान व बांकुड़ा ने मुझे प्यार और आशीर्वाद का ऋणी बना दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी मां-माटी-मानुष सरकार ऐतिहासिक चौथी बार वापसी करेगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ ताकतें पश्चिम बंगाल के लोगों को बांटने और अपमानित करने की कोशिश कर रही हैं।

### विधानसभा चुनाव के बाद ही सम्राट को मिल गया था संकेत

# बिहार को मिला नया 'सम्राट' चौधरी



**सम्राट काल की तुलना लालू नहीं नीतीश काल से होगी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बहुत लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बिहार में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार बनने जा रही है। सम्राट चौधरी बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में इतिहास में दर्ज होने जा रहे हैं। लेकिन यह मानकर चलना चाहिए कि चेहरा तो बदल गया, नेतृत्व वाली पार्टी भी बदल गई लेकिन सरकार निरंतरता में ही चलेगी। कार्यशैली बदल सकती है लेकिन नीति बरकार रहेगी।

वस्तुतः बिहार में मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट का आना और केंद्र की राजनीति में नीतीश का फिर से प्रवेश भाजपा और जदयू के बीच एक नए समन्वय की शुरूआत होगी, जहां दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व एक साथ बैठेंगे और यहीं से बिहार का मार्गदर्शन भी करेंगे।यूं तो विधायक दल के नेता के रूप में सम्राट के नाम की घोषणा सोमवार को हुई लेकिन थोड़ा पीछे मुड़कर देखने से इसका सहज अहसास हो सकता है कि चयन की प्रक्रिया काफी पहले शुरू हो गई थी। कहा जा सकता है कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद से ही।केंद्रीय नेतृत्व से उन्हें कुछ संकेत भी मिले थे और अपने स्तर पर सम्राट ने भी नीतीश के उत्तराधिकारी के रूप में खुद को तैयार करना शुरू कर दिया था। या यूं कहें कि नीतीश के ढांचे में वह ढलने लगे थे। चुनाव के बाद से उन्होंने कभी बुलडोजर की बात नहीं की। शायद इसलिए क्योंकि यह नीतीश की कार्यसंस्कृति नहीं है। वैसे भी वर्तमान स्थिति में भाजपा के लिए सम्राट से बेहतर कोई विकल्प नहीं था। लव-कुश यानी कोयरी और कुरमी यादव के बाद बिहार की दूसरी सबसे बड़ी जाति है जो हमेशा नीतीश के साथ रहा और अब सम्राट उसे बढ़ाएंगे। यह राजनीतिक निरंतरता की बात है।मुख्यमंत्री चुनाव के इस क्रम में जदयू के कुछ शीर्ष नेताओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई और भाजपा को भी इसका अहसास हुआ कि प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष के बाद दो दो बार जिस सम्राट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, नीतीश के बाद उसे कमान नहीं दी जाती है तो इस बड़े जाति वर्ग में गलत संदेश जा सकता है।

### सम्राट बदलेंगे कार्यप्रणाली

माना जा रहा है कि शासन के स्तर पर भी निरंतरता रहेगी। यानी नीतीश ने जिस काम को मन से आगे बढ़ाया उसे नई सरकार भी पार लगाएगी, जिसे प्रतिबंधित किया वह प्रतिबंधित रहेगा। मसलन शराब बंदी। नीतीश ने नीतिगत फैसला लिया था तो वह बरकरार रहेगा। वस्तुतः इस बदलाव के साथ बिहार में तुलना का एक मापदंड बदलने जा रहा है। अब तक वहां लालू-राबड़ी शासन काल से तुलना होती थी। सम्राट काल की तुलना नीतीश काल से होगी। लिहाजा विकास की गति उस स्तर पर लाई जाएगी जो नीतीश ने 2005-10 के कार्यकाल में किया। सरकार के अंदर भाजपा-जदयू का समन्वय और पुख्ता करने की कोशिश होगी।

### नई केमिस्ट्री दिखेगी

केंद्र के स्तर पर भी एक नई केमिस्ट्री दिखेगी। केंद्र में राजग काल में नीतीश पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। राजग काल में ही वह केंद्र में राज्यसभा में मौजूद होंगे और उस महिला आरक्षण को अगले लोकसभा चुनाव से ही लागू करने के लिए वोट डालेंगे जिसे लेकर वह एक वक्त अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव से अलग खड़े थे।तब शरद ने विरोध किया था लेकिन महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध नीतीश ने अपने सांसदों को पक्ष में वोट डालने के लिए कहा था। नरेन्द्र मोदी- नीतीश कुमार की सोच के अनुरूप बिहार के विकास का रोडमैप तैयार होगा और जमीन पर उसे सम्राट इस तरह उतारेंगे कि भाजपा की जमीन और पुख्ता हो।

## प्री-प्राइमरी शिक्षा को भी मुफ्त बनाने की मांग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने प्री-प्राइमरी स्तर (3-6 वर्ष) पर मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करने की मांग वाली जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा, ह्लहम इस मुद्दे की जांच करना चाहते हैं।ह्व क्या है मामला? वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए ही मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है और इसमें प्री-प्राइमरी शिक्षा शामिल नहीं है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य 3 वर्ष की आयु से ही सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, समान और मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराना



है।याचिकाकर्ता हरिप्रिया पटेल ने मांग की है कि संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत शिक्षा के अधिकार में निम्नलिखित अधिकारों को भी शामिल किया जाऐ पर्याप्त शिक्षकों की उपलब्धता उचित छात्र-शिक्षक अनुपसुलभ एवं बेहतर बुनियादी ढांचा दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक सेवाएं शिक्षा फंड का प्रभावी उपयोग साथ ही केंद्र सरकार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्कूल शिक्षा के लिए समान न्यूनतम मानक सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की गई है। स्वतंत्र राष्ट्रीय स्कूल शिक्षा निगरानी प्राधिकरण या कोर्ट-निगरानी समिति का गठन स्कूल-वार छात्र-शिक्षक अनुपात, इंफ्रास्ट्रक्चर, बजट आवंटन और फंड उपयोग का सार्वजनिक खुलासा दिव्यांग बच्चों के लिए सभी स्कूलों में बाधारहित सुविधाएं, जैसे रैंप, सुलभ कक्षाएं और सुरक्षित प्रवेश-निकास, याचिका में संविधान के अनुच्छेद 21 और 45 का हवाला देते हुए कहा गया है कि राज्य का दायित्व है कि 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा उपलब्ध कराई जाए।

## बंगाल में नहीं बनने देंगे बाबरी मस्जिद : अमित शाह

**एजेंसी। मालदा**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर धार्मिक मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मालदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बाबरी मस्जिद जैसे ढांचे के प्रस्ताव पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने साफ कहा कि बंगाल में ऐसी किसी भी संरचना को बनने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने नवगठित आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एजेंट करार दिया। अमित शाह ने सीधे तौर पर हुमायूं कबीर और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह भारत है और यहां कोई भी व्यक्ति बाबरी मस्जिद जैसा ढांचा नहीं बना सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा और भाजपा ऐसी योजनाओं पर रोक लगाएगी। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कबीर, ममता बनर्जी के इशारे पर काम कर रहे हैं और दोनों की सोच एक जैसी है। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी और उनके सहयोगियों का यह सपना चुनाव परिणाम आने के बाद टूट जाएगा। गजोले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा 'ममता दीदी और हुमायूं कबीर मुझे ध्यान से सुनें। यह भारत है और यहां कोई भी काबिल आदमी बाबरी मस्जिद नहीं बना सकता।' उन्होंने आगे कहा हुमायूं कबीर अपने कान खोलकर सुनें जब मैं कहता हूं कि भाजपा मस्जिद के निर्माण की अनुमति नहीं देगी। ममता बनर्जी और उनके भतीजे को भी पता होना चाहिए कि 5 मई को मस्जिद बनाने के उनके सपने चकनाचूर हो जाएंगे। दरअसल, हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा क्षेत्र में बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक मस्जिद बनाने का प्रस्ताव रखा था।






# बक्सर में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि प्रशासनिक अधिकारियों ने किया माल्यार्पण



- **समानता, न्याय और अधिकारों के लिए बाबा साहेब के योगदान को किया गया याद, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बक्सर जिला प्रशासन द्वारा अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन सादगी और गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

जिलाधिकारी साहिला ने अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, सामाजिक समरसता और न्याय के लिए समर्पण का प्रतीक है, जिससे आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है और उनके सिद्धांत आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार हैं।

कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देंगे तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें व्यवहार में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पण और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ, जिसमें बाबा साहेब के आदर्शों को समाज में स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस का संकल्प : शिक्षा और समानता के मार्ग पर चलेंगे

- **बक्सर में माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों को किया नमन, सामाजिक न्याय को मजबूत करने का लिया संकल्प**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अंबेडकर चौक पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओबीसी जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मौर्य के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों—जैसे छुआछूत, भेदभाव और असमानता—को खत्म करने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। बाबा साहेब ने अपने संघर्ष, ज्ञान और दृढ़ इच्छाशक्ति से समाज के वंचित वर्गो को नई दिशा दी और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान, जिसे डॉ. अंबेडकर ने रचा, देश की सबसे बड़ी ताकत है। यह सभी नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देता है तथा समाज में समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि अंबेडकर जयंती केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए संविधान में विशेष प्रावधान सुनिश्चित किए, जिन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आज हम सभी की है। डॉ. पांडे ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय और समानता की पक्षधर रही है और भविष्य में भी ओबीसी समाज को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर ह्लजय भीमह्व और ह्लकांग्रेस पार्टी जिंदाबादह्व के नारों से अंबेडकर चौक गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार पांडे ने किया। मौके पर वीरेंद्र राम, त्रिजोगी नारायण मिश्रा, दीनबंधु राम, उदय कुमार सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बक्सर में अंबेडकर जयंती पर श्रद्धांजलि, प्रशासनिक अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

- **समानता, न्याय और अधिकारों के लिए बाबा साहेब के योगदान को किया गया याद, उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प**

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को बक्सर जिला प्रशासन द्वारा अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन सादगी और गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। जिलाधिकारी साहिला ने अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, सामाजिक समरसता और न्याय के लिए समर्पण का प्रतीक है, जिससे आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है।
इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब के विचारों को स्मरण करते हुए उनके द्वारा समाज में समानता, न्याय और अधिकारों की स्थापना के लिए किए गए ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है और उनके सिद्धांत आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देंगे तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें व्यवहार में उतारने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि अर्पण और सामाजिक एकता के संदेश के साथ हुआ, जिसमें बाबा साहेब के आदर्शों को समाज में स्थापित करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## अंबेडकर जयंती पर भाजपा का जयंती समारोह, सामाजिक न्याय के संकल्प का लिया प्रण

बक्सर। भारतीय जनता पार्टी जिला बक्सर द्वारा मंगलवार को अहिरौली स्थित पार्टी कार्यालय में भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामाश्रय राम ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मण शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुई। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, ज्ञान और संकल्पों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के कार्य ही उनका संदेश होते हैं और बाबा साहेब का जीवन समानता, न्याय और सशक्त समाज निर्माण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार हमें ऐसे समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं, जहां प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो। उनके आदर्शों को अपनाकर ही सामाजिक न्याय और समरसता के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर रामाश्रय राम, मिठाई सिंह, राजेश सिन्हा, सुधा गुप्ता और संध्या पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आज के समय में प्रासंगिक बताया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन को ज्ञानार्जन और समाज सुधार के लिए समर्पित कर दिया और राष्ट्रीय एकता के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम के दौरान पंचम प्रसाद मंझरिया, दीपक कुमार, वुनेला राम, रविंद्र राम, विशाल कुमार एवं राजन प्रसाद सहित कई लोगों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने सभी को अंगवस्त्र और माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें निर्भय राय, विनोद राय, मनोज पांडेय, रमेश गुप्ता, अविनाश पांडेय, उमाकांत पांडेय, सुनील सिंह, आशानंद सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# बक्सर में गैस आपूर्ति पर सख्ती : कालाबाजारी पर शिकंजा, 25 हजार से अधिक बुकिंग लंबित

- **27 एजेंसियों के जरिए आपूर्ति, 14 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरण, शिकायतों के निस्तारण में प्रशासन सक्रिय**

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार के अनुसार इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां संचालित हो रही हैं। इनमें इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां शामिल हैं।

जिले में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। इंडियन ऑयल के 2,02,360, भारत पेट्रोलियम के 57,517 और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90,668 उपभोक्ता हैं। 13 मार्च से 13 अप्रैल 2026 के बीच कुल 1,46,574 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया, जबकि एजेंसियों के पास 3,900 सिलेंडर का भंडार शेष है।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग है, जबकि 5,620 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। फिलहाल 24,902 रिफिल बुकिंग डिलीवरी के लिए लंबित हैं, जिससे करीब साढ़े चार दिन का बैकलॉग बना हुआ है। आपूर्ति संतुलन बनाए रखने के लिए शहरी क्षेत्रों में अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही नई बुकिंग की अनुमति दी गई है। वहीं जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। जिले के वरीय अधिकारी लगातार एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर रहे हैं। अब तक कालाबाजारी के मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। 13 अप्रैल को 30 एजेंसियों व प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी किया गया। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यहां अब तक 991 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें 941 का निस्तारण किया जा चुका है। शेष शिकायतों पर कार्रवाई जारी है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति केवल निर्धारित प्रक्रिया के तहत होम डिलीवरी से ही होगी। साथ ही पांच किलोग्राम के छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता प्रवासी मजदूरों के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए वाणिज्यिक गैस आपूर्ति हेतु भी नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसमें आवेदन, आकलन और स्वीकृति के बाद ही सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए प्रशासन सोशल मीडिया की निगरानी भी कर रहा है।




# बच्चों की सेहत पर खास ध्यान : स्कूल में लगा हेल्थ कैंप, दी गई स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सलाह




**केटी न्यूज/बक्सर**

नया बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार को डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बेहतर जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. शत्रुघ्न पांडेय, डॉ. प्रियंका पांडेय एवं विभाग प्रमुख लाल बाबू प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के लगभग दो सौ से अधिक बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने भाग लिया। चिकित्सकों की टीम ने बच्चों के आंख, दांत और रक्त की जांच सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किए। जांच के दौरान बच्चों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक सलाह भी दी गई। चिकित्सकों ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य ही अच्छे भविष्य की नींव है। यदि बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो उनकी पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी और वे मानसिक रूप से भी मजबूत बनेंगे। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या और साफ-सफाई के महत्व पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्थानीय लोग भी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। इस पहल को अभिभावकों ने सराहते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।






# अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

■ मॉकड्रिल और निरीक्षण के जरिए आग से बचाव के प्रति किया जा रहा जागरूक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार को डुमरांव में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर डुमरांव अग्निशमालय कार्यालय में फायर ब्रिगेड के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर विभागीय शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और अग्नि सुरक्षा सप्ताह के प्रतीक चिह्न (पिन फ्लैग) धारण किए। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों को भी यह प्रतीक चिह्न लगाया गया।




कार्यक्रम के पहले दिन अग्निशमन कर्मियों द्वारा सविता क्लिनिक अस्पताल, डुमरांव तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर में आग से बचाव को लेकर अभ्यास प्रदर्शन (मॉकड्रिल) और सुरक्षा निरीक्षण (ऑडिट) किया गया। इस दौरान अग्निशमन यंत्रों की बारीकी से जांच की गई और अस्पताल कर्मियों को आपात स्थिति में सतर्क रहने के उपाय बताए गए।

अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी शिखा कुमारी ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर एस.एस. फोर्ट स्टिकिन नामक मालवाहक जहाज में भीषण आग लग गई थी। इस आग पर काबू पाने के दौरान 66 अग्निशमन कर्मी शहीद हो गए थे। उन्हीं की स्मृति में प्रत्येक वर्ष यह सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के दौरान सेवा दिवस मनाते हुए आम लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। पूरा कार्यक्रम जिला अग्निशमन पदाधिकारी बक्सर सुबास कुमार सिंह के निर्देश पर तथा अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी डुमरांव शिखा कुमारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय है ्रसुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज, आग की रोकथाम के लिए सब मिलकर प्रयास करें।ॅ

अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें।

## नाला की सफाई नहीं होने से लाला टोली रोड के घरों में पानी प्रवेश करने से परेशानी बढ़ी

**डुमरांव।** एक साल पहले नगर के वार्ड 24 के लाला टोली रोड में बने नाली और उसके उपर सुरक्षा के लिये लगाए गए लोहे के ढक्कन टूटकर पूरी तरह से बिखर गए हैं। इसके टूटने से जहां पानी का बहाव अवरूद्ध होकर घरों में प्रवेश करने लगा है, वहीं टूटे ढक्कन की चोरी होने लगी है। नगर परिषद इससे अंजान बना हुआ है, इतना ही नहीं इसकी शिकायत करने पर भी नप की तरफ से कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। इस रोड से होकर ही सेंट्रल नाला गुजरता है, जिससे उसको जोड़ा तक नहीं गया है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नाला के टूटने से सेंट्रलन नाला का पानी भी इसी में बहकर चला आता है। मालूम हो कि हो कि कभी लाला टोली रोड साफ-सुथरा मोहल्ले के रूप में गिना जाता था। इसका मुख्य कारण है कि इसी मोहल्ले में बिहार राज्य के पूर्व डीजीपी आर आर प्रसाद का भी घर इसी रोड में पड़ता है। इस समय रोड की वर्तमान स्थिति यह है कि नाले के पानी का बहाव अवरूद्ध होने और नाला के टूटकर बिखर जाने के कारण डीजीपी के घर में ही नाला का पानी बहकर जा रहा है। इनके घर की तरफ से बह रहे नाला पर जो लोहे का ढक्कन लगाया गया है, उसे धीरे-धीरे गायब किया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस सुरक्षा के लिये लोहे का का ढक्कन लगाया गया है, उसका कोई महत्व ही नहीं रह गया है।

## रामगढ़ फोरलेन पर पलटी कार में महिला की मौत, मंझवारी मोड़ पर ट्रक की टक्कर से युवक की गई जान

# एक दिन, दो हादसे: रफ्तार ने छीन ली दो जिंदगियां, खुशियां मातम में बदलीं

**हादसा**

■ लापरवाही और तेज रफ्तार फिर बनी काल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में सोमवार का दिन दो परिवारों के लिए कभी न भूलने वाला दर्द छोड़ गया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो भीषण सड़क हादसों ने एक ही दिन में दो जिंदगियां छीन लीं। एक ओर जहां छुट्टी मनाकर घर लौट रहे परिवार की खुशियां रास्ते में ही बिखर गईं, वहीं दूसरी ओर भाई की बारात से लौट रहा युवक मौत का शिकार हो गया। इन घटनाओं ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार के खतरे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहली घटना ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ के समीप आरा-बक्सर फोरलेन पर सुबह





करीब 6 बजे हुई। पटना जिले के मसौढ़ी निवासी 43 वर्षीय विनीत कुमार अपनी पत्नी नीतू कुमारी और पुत्र देवांश पटेल के साथ वैगन आर कार से गाजीपुर से पटना लौट रहे थे। विनीत कुमार गाजीपुर स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे और परिवार के साथ वहीं रहते थे। अंबेडकर जयंती की छुट्टी के अवसर पर वे अपने गृह नगर लौट रहे थे।

बताया जाता है कि जैसे ही उनकी कार रामगढ़ के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित हो गई। तेज रफ्तार के कारण वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और नीतू कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में विनीत कुमार और उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को कार से बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल भिजवाया। समाजसेवी संजय कुमार यादव द्वारा संचालित मुफ्त एम्बुलेंस सेवा की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि पति और पुत्र दोनों गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए वाहन को जब्त कर लिया है। दूसरी घटना सिमरी थाना क्षेत्र के मंझवारी मोड़ के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार एफसीआई ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। इस हादसे में सिमरी दूधीपट्टी के तकिया मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय अली हुसैन की मौत हो गई। अली अपने बड़े भाई की बारात से आरा के गजराजगंज से लौट रहे थे। उनके साथ बाइक पर एक अन्य व्यक्ति भी सवार था, जिसे मामूली चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही बाइक मंझवारी मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि अली हुसैन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी हालत नाजुक हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। खासकर जिस घर में शादी की खुशियां थीं, वहां अचानक मातम छा गया। अली हुसैन की अभी शादी नहीं हुई थी और परिवार की उम्मीदें उनसे जुड़ी थीं। सिमरी थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोनों घटनाओं ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना जानलेवा साबित हो रहा है। लगातार जागरूकता अभियानों के बावजूद सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जरूरत है कि चालक नियमों का पालन करें और प्रशासन भी सख्ती बढ़ाए, ताकि ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## विवेक सिन्हा की 13वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब, रक्तदान से दी सच्ची श्रद्धांजलि

■ 13वीं पुण्यतिथि पर स्मृति सभा के साथ सामाजिक सरोकारों को मिला नया संकल्प

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के यशस्वी पत्रकार स्वर्गीय विवेक कुमार सिन्हा की 13वीं पुण्यतिथि पर जिलेभर में भावनात्मक माहौल देखने को मिला। उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज सेवा का संदेश देते हुए रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के जरिए लोगों ने उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। विवेक सिन्हा स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित स्मृति सभा सह रक्तदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं, उनके पैतृक गांव चुरामनपुर में भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर ग्रामीणों ने उन्हें याद किया। बार एसोसिएशन बक्सर के अधिवक्ताओं ने व्यवहार न्यायालय परिसर में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपने प्रिय साथी को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष विनय कुमार सिन्हा और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र नाथ ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर




वक्ताओं ने विवेक सिन्हा के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि वे केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि समाज के सच्चे प्रहरी थे। अधिवक्ता विनय सिन्हा ने कहा कि विवेक ने अपनी लेखनी की ताकत से कभी समझौता नहीं किया और हमेशा समाज के वंचित व हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज को मजबूती से उठाया। संस्थान की सचिव दीपशिखा ने उन्हें एक आदर्श शिक्षक, संवेदनशील पत्रकार और जुझारू अधिवक्ता बताते हुए कहा कि कम उम्र में ही उन्होंने पत्रकारिता जगत में अलग पहचान बना ली थी।

उनके सहयोगी शिक्षक विमल कुमार सिंह ने बताया कि विवेक की स्मृति में स्थापित संस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है, ताकि उनके विचार और आदर्श समाज में जीवित रहें। वहीं दैनिक जागरण के जिला प्रभारी शुभनारायण पाठक ने भावुक होकर कहा कि विवेक सबसे पहले एक अच्छे इंसान थे, जिनकी आत्मीयता ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी थी।

कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में कुल 10 लोगों ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। रक्तदाताओं में विमल कुमार सिंह, राकेश कुमार, शुभम कुमार, शुभम ओझा, अविनाश कुमार, अभिनव वशिष्ठ, सरोज कुमार, प्रकाश पासवान और सोहैल खान प्रमुख रहे।

इस अवसर पर उज्जवल सिन्हा, दीपांकर सिन्हा, अखौरी सुशील सिन्हा, रणवीर सिंह, अर्जुन, पप्पू पासवान, सूर्यकांत पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, धीरज पांडेय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी



■ बक्सर भाजपा नेताओं ने केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व के प्रति जताया आभार

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस निर्णय से बक्सर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

बक्सर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक सशक्त और अनुभवी नेतृत्व को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय बिहार और भाजपा के लिए विकास के नए अवसर लेकर आएगा। जिलाध्यक्ष ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित केंद्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानियां का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा सहित अन्य प्रदेश नेताओं के योगदान को भी सराहा। इस अवसर पर बक्सर भाजपा के कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भी खुशी जताई और इसे पार्टी के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। बधाई देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार सिंह, राजवंश सिंह, केदारनाथ तिवारी, प्रियव्रत सिंह, राणा प्रताप सिंह, माधुरी कुंवर, सच्चितानंद भगत, धनंजय त्रिगुण, विनोद राय, अनिल पांडेय, रमेश गुप्ता, दीपक पांडेय, सुनील सिंह, मीना सिंह कुशवाहा, इंदु देवी, ओमज्योति भगत, रेखा शर्मा, संध्या पांडेय, जयप्रकाश राय, अविनाश पांडेय, कंचन देवी, रामाश्रय राम, अमर गोंड, अमित कुमार सिंह, ज्वाला सैनी, अजय भट्ट तथा जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि नए नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी।

## ऊंच-नीच के समाजिक बंधनों से मुक्त कर लोगों को एक मंच पर अम्बेडकर ले आए

■ संविधान के रचयिता डा. भीममराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया

■ डुमरांव के महरौरा मोड़ पर स्थापित प्रेरणा स्थल पर बनी मूर्ति पर पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा ने किया माल्यार्पण

**केटी न्यूज/डुमरांव**

संविधान के निर्ताता डा. भीमराव अम्बेडकर की जंयती डुमरांव के स्टेशन रोड में महरौरा मोड़ के प्रेरणा स्थल उनकी 133वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले में परीक्षा में टॉप आने वाले विद्यार्थियों को मेडल और कप देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माले के पूर्व विधायक अजीत कुमार कुशवाहा मौजूद थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की बाबा साहेब ने संविधान की



रचना कर देश से ऊंच-नीच का भेदभाव मिटा कर उन्हें एक मंच पर लाकर खड़ा किर दिया है। आज देश में संविधान ने सबकों समान अधिकार देते हुए उन्हें शीर्ष पदों पर लाने का अधिकार दे दिया है। देश के किसी राज्य का सीएम हो डीएम हो या मुख्यमंत्री समाज के सभी वर्ग के लोग इस पद पर आ सकते हैं।

इस मौके पर महिला नेत्रियों ने भी अपनी बातों को खुलकर रखा। इनका कहना था कि अम्बेडकर साहेब ने संविधान में हमें पुरूषों के समान अधिकार दिला दिया है। देश का ऐसा कोई पद नहीं है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी नहीं है। पहले महिलाओं को घर के चाहरदीवारी तक ही सीमित होकर रहना पड़ता था, आज पुरूषों के साथ कंधा पर कंधा मिलाकर चल रही हैं। इनका कहना था कि आज हम ऐसे महापुरूष के जन्मदिन मना रहे हैं, जिसने सभी को एक मंच पर ला दिया है। उन्होंने ऊंच-नीच और लिंग का भेदभाव को पूरी तरह से मिटा दिया है। मौके पर कुमुंद पावान, अर्जुन, बाबुलाल, संजय चंद्रवशी, मनोज कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

**एक नजर**

## मुजफ्फरपुर साहित्य महोत्सव में डॉ. मनीष कुमार शशि सम्मानित



**डुमरांव।** डुमरांव निवासी शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. मनीष कुमार शशि को मुजफ्फरपुर में आयोजित साहित्य महोत्सव 2026 में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है, जिसके माध्यम से हम समाज की वास्तविक स्थिति और भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य और संगीत का गहरा संबंध है, जो समाज को दिशा देने का कार्य करता है। दरअसल, एमएस केसरी पब्लिकेशन भारत के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन एवं साहित्य महोत्सव आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ नेपाल और श्रीलंका के कवियों ने भी भाग लेकर अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को समृद्ध बनाया। इसी दौरान डॉ. मनीष कुमार ्रशशिॅ को उनके साहित्यिक योगदान के लिए ्रमुजफ्फरपुर साहित्य महोत्सव सम्मान 2026ॅ से नवाजा गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. शशि ने कहा कि कवि, लेखक, कथाकार और नाटककार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को सकारात्मक ऊर्जा देने के साथ-साथ उसकी कमियों को भी उजागर करते हैं। साहित्यकारों की जिम्मेदारी होती है कि वे समाज को सही दिशा दिखाएं और जनमानस को जागरूक करें। डॉ. मनीष कुमार ्रशशिॅ न केवल एक सम्मानित शिक्षक हैं, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर एक कुशल वक्ता एवं लेखक के रूप में भी अपनी पहचान बना चुके हैं। वे प्रगतिशील लेखक संघ बक्सर सहित विभिन्न साहित्यिक मंचों के माध्यम से सक्रिय रहते हैं और सामाजिक मुद्दों पर अपनी सशक्त अभिव्यक्ति रखते हैं। उनके सम्मानित होने पर शिक्षक समाज में खुशी का माहौल है। प्रधानाध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, विकास कुमार, अशफाक आलम, ब्रजेश राय, रमेश कुमार, प्रमोद कुमार चौबे, धनंजय मिश्रा, धीरज मिश्रा, निखत फातमा, सीमा ओझा, अनीता यादव, सारिका चौधरी, अरविन्द प्रियदर्शी, सिराजुल इस्लाम, दीप्ति साहू, तबरेज खान, आकांक्षा यादव एवं रिंकी कुमारी सहित कई शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा विभाग की ओर से भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। अपनी सादगी, शालीनता और लेखनी के दम पर डॉ. शशि ने शिक्षक समाज में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है, जो आने वाले समय में और सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## पेड़ से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, पीएमसीएच पटना रेफर

**डुमरांव।** कोरान सराय थाना क्षेत्र के करूअज गांव में मंगलवार को एक हादसे में 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अरुण कुमार सिंह पिता जगमोहन सिंह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि आगामी 20 अप्रैल को बक्सर के गंगा घाट पर उनके जुड़वा बेटों का मुंडन संस्कार निर्धारित था, जिसकी तैयारी के लिए वह लकड़ी तोड़ने पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक पेड़ की एक टहनी टूट गई, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिर पड़े। गिरने से उनकी कमर में गंभीर चोट आई और हड्डी टूट गई। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर तुरंत पटना रवाना हो गए, जहां उनका इलाज जारी है।

# कड़ी निगरानी में संपन्न हुई सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा

■ आधे से अधिक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

■ डीएम साहिला ने केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के दिए निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

विज्ञापन संख्या 87/2025 के तहत आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा मंगलवार को जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला दंडाधिकारी साहिला स्वयं



सक्रिय रहीं और विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में जिला दंडाधिकारी ने नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय, बक्सर तथा संत मैरी उच्च विद्यालय, नया बाजार स्थित परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को लगातार भ्रमणशील रहने का निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि परीक्षा हर हाल में शांतिपूर्ण और नकल रहित होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया तथा परीक्षार्थियों की जांच व्यवस्था का भी बारीकी से निरीक्षण किया। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार परीक्षा में परीक्षार्थियों की उपस्थिति अपेक्षा से काफी कम रही। प्रथम पाली (सामान्य भाषा) में कुल 9060 परीक्षार्थियों में से मात्र 3652 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 5408 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली (सामान्य अध्ययन) में भी स्थिति लगभग समान रही, जहां 9060 में से 3645 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 5415 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं है, जो प्रशासन की सख्ती और पारदर्शिता का संकेत माना जा रहा है। प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही केंद्रों के आसपास धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रखते हुए भीड़-भाड़ और अनावश्यक गतिविधियों पर पूरी तरह नियंत्रण रखा गया। केंद्रों के अंदर सीसीटीवी निगरानी और सघन तलाशी अभियान के कारण कदाचार की कोई भी घटना सामने नहीं आई।

जिला प्रशासन के मुताबिक सभी परीक्षा केंद्रों पर पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। डीएम साहिला ने परीक्षा संचालन में लगे सभी अधिकारियों और कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया गया। परीक्षा के दौरान दिखी सख्ती और प्रशासनिक मुस्तैदी ने यह स्पष्ट कर दिया कि जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर अब किसी भी प्रकार की लापरवाही या कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर एसडीएम और एसडीपीओ ने किया पुष्पांजलि



**केटी न्यूज/नवादा**

नगर पंचायत में मंगलवार को संविधान निमार्ता बाबा साहब अंबेडकर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार उपस्थित रहे। मौके पर मौजूद नगर पंचायत मुख्य पार्षद मानती देवी और उपमुख्य पार्षद फिरोजा खातून और अमावाँ संगत महंत दयानंद मुनि मौजूद रहे। वही कार्यक्रम आयोजक दीपक कुमार रजक कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल रजक सचिव रविंदर कुमार यादव वार्ड पार्षद मुकेश कुमार जितेंद्र कुमार, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक बालकृष्ण प्रसाद यादव,संदीप कुमार गौतम कुमार अखिलेश कुमार एवं नवसिश कुमार गुड्डू राय, सफरुद्दीन सहित सैकड़ों लोगों ने डॉ.भीमराव अंबेडकर नागरिक मंच रजौली के द्वारा संविधान निमार्ता,समाज सुधारक एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह रजौली नगर पंचायत के अंबेडकर चौक सह अंबेडकर पार्क रजौली में माल्यार्पण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मंच संचालन कर रहे पवन कुमार पांडे ने किया वही मौके पर सह सम्मानित आए हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्राएं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जो कि दहेज प्रथा,भीमराव अंबेडकर स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया गया। वहीं मौके पर मौजूद अधिकारियों व विभिन्न समाजसेवी व अतिथियों और पत्रकारों को अंग वस्त्र एवं फूल की माला पहनाकर बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुलशन कुमार ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में जातिवाद,भेदभाव खत्म किया। अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और कठिनाइयों के बावजूद अपने मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। मौके पर वार्डन रेखा कुमारी,नवीन कधवे,संजय सिंह,वार्ड पार्षद संतोष वर्मा,सुनील कुमार,पत्रकार पवन सिंह, पत्रकार ऋषभ कुमार,प्रमोद चंद्रवंशी,अमन कुमार,मुसाफिर चौधरी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# सम्राट चौधरी के सीएम बनने पर गांव और परिवार में खुशी की लहर, भाभी अमृता चौधरी बोलीं..अब और ज्यादा विकास होगा

**एजेंसी। पटना**

सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने और बिहार के मुख्यमंत्री पद के लिए उनके नाम पर मुहर लगने के बाद उनके परिवार और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। मुंगेर जिले के तारापुर अनुमंडल स्थित लखनपुर गांव में उनके आवास पर जश्न मनाया गया। इस खास मौके पर परिवार की महिलाओं, खासकर उनकी भाभियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर खुशी जाहिर की। वहीं ग्रामीणों ने आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटकर उत्सव मनाया। विधायक दल का नेता चुने जाने और मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के बाद लखनपुर गांव में सम्राट चौधरी के घर पर जश्न का माहौल देखने को मिला। परिवार और गांव के लोगों ने मिलकर खुशी का इजहार किया।



ढोल-नगाड़ों के बीच रंग-गुलाल उड़ाए गए और पटाखे फोड़े गए। इस दौरान सम्राट चौधरी की भाभी अमृता चौधरी ने कहा कि जैसे ही उनके देवर को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने की खबर मिली, पूरा परिवार खुशी से झूम उठा। उन्होंने बताया कि परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में हर्ष और उल्लास का माहौल है। लोग जश्न मना रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। वही परबत्ता विधानसभा क्षेत्र में भी जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। बता दें कि परबत्ता वही विधानसभा क्षेत्र है, जहां से सम्राट चौधरी ने वर्ष 2000 में राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। परबत्ता के महाद्दीपु गांव से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। ऐसे में उनके समर्थक और ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मना रहे हैं। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। पूरे इलाके में होली और दिवाली जैसा उत्सव नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बीजेपी विधायक दल और एनडीए विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी के नाम पर मुहर लगी। इसके साथ ही उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। सम्राट चौधरी की अगुवाई में नई सरकार बुधवार सुबह 11 बजे लोक भवन (राजभवन) में शपथ लेगी। इस खबर के सामने आते ही पूरे बिहार में जश्न का माहौल बन गया है। सतुआनी के दिन ही लोग होली और दिवाली की तरह खुशी मना रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं और आतिशबाजी कर रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि बिहार को एक युवा मुख्यमंत्री मिला है, जिससे वे बेहद उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि इससे राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## गैस वितरण के सराहनीय कार्य के लिए इंद्रावती इंडेन प्रबंधक हुए सम्मानित



**शाहपुर।** ईरान,अमेरिका और इजरायल की लड़ाई को लेकर पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत के बावजूद शाहपुर मे गैस सिलेंडर की दिक्कत उपभोक्ताओं को नहीं हुई। भोजपुर जिले के शाहपुर स्थित इंद्रावती इंडेन के प्रबंधक अवध राज द्वारा सही ढंग से एलपीजी सिलेंडर के वितरण से खुश समाजसेवियों ने इंद्रावती इंडेन के प्रबंधक अवध राज समेत सभी कर्मचारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इंद्रावती इंडेन, शाहपुर ने सीमित संसाधनों के बावजूद एलपीजी गैस सिलेंडर का न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित किया ताकि अधिक से अधिक परिवारों को राहत मिल सके। एजेंसी की उत्कृष्ट सेवा और समर्पण को देखते हुए क्षेत्र के समाजसेवी और ग्राहकों ने आगे बढ़कर एजेंसी के संचालक, प्रबंधक और उनके कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। समाजसेवी एवं ग्राहकों द्वारा एक सादा और भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे मुन्ना शाह, मुन्ना यादव, राजू धानुक सहित अन्य लोगों ने इंद्रावती इंडेन के प्रबंधक अवध राज सहित सभी कर्मचारियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मुन्ना शाह ने इंद्रावती इंडेन के प्रबंधक अवध राज को तथा मुन्ना यादव ने ललन पासवान को सम्मानित किया। राजू धानुक सहित अन्य लोगों ने एजेंसी के अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया। इससे एजेंसी के प्रबंधक समेत कर्मचारियों का हौसला अफजाई हुआ है।

# भोजपुर में बस ने 6 लोगों को रौंदा, महिला की दर्दनाक मौत

- **छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए सभी शिक्षक बनें कर्मनिष्ठ : कमल नारायण**

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में आज सवारी बस मे पांच महिला समेत छह लोगों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना सिन्हा थाना क्षेत्र के कुदरिया और महुली घाट के बीच की है। जबकि, चार महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनमे दो का इलाज आरा शहर के निजी और तीन का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बता दें कि सभी मुंडन समारोह में शामिल होने के लिए जा रही थी। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ड्राइवर को खदेड़ दिया और बस पर पत्थरबाजी की। मृतका पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी संजय कुमार सिंह की 55 साल की पत्नी गीता देवी है। जबकि, जख्मियों में पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी रविंद्र राय की 50 साल की पत्नी सुनीता देवी, उसी गांव के गजेंद्र कुमार का 14 साल का बेटा शिवम कुमार, रोहतास के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बलिगांव निवासी स्व.मुन्ना चौधरी की 45 साल की पत्नी कांति देवी और दो अन्य महिला शामिल है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बस ड्राइवर को खदेड़ दिया। ड्राइवर ने भागकर किसी तरह बस चालक ने अपनी जान बचाई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस पर रोड़ेबाजी भी की। घटना की सूचना मिलते ही सिन्हा थानाध्यक्ष सुमित कुमार फौरन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बूझाकर उन्हें शांत कराया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया। मृतका के परिजन ने बताया कि गीता देवी अपने रिश्तेदार रविंद्र राय के नाती के मुंडन में शामिल होने के लिए सभी लोगों से साथ अपने गांव से कार से मोहाली घाट जा रही थी। कुदरिया और महुली घाट के बीच कार से उतरकर सभी लोग महुली घाट पर जा रहे थे। तभी वहां खड़ी सवारी बस पीछे की तरफ घुस गई और उसी दौरान बस ने सभी को रौंद दिया। गीता देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई। जख्मी कांति देवी और शिवम कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गयाष परिजन ने उन दोनों का इलाज शहर के निजी अस्पताल में कराया है। सुनीता देवी समेत तीन लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।



## एक नजर

### राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**नवादा ।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर आज पहला दिन फिट इंडिया मोमेंट के तहत नवादा जिला इकाई अंतर्गत पुरानी जेल रोड अग्निशमन कार्यालय भवन के परिसर में कर्मचारिय एवं पदाधिकारी द्वारा अग्निशमन सेवा के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं अग्निशमन कर्मियों द्वारा स्मरणों दिवस परेड का आयोजन किया गया जिसके उपरांत नवादा जिला अंतर्गत वरीय पदाधिकारी नागरिक व गणमान्य व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों को पिन-फ़्लैग लगाया गया तथा सदर अस्पताल नवादा, संजीवनी अस्पताल, पोस्टमार्टम रोड नवादा एवं धर्मशीला मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल नवादा में सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल एवं फायर ऑडिट का डेमो प्रदर्शन आयोजित किया गया तथा जन धन की सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल के माध्यम से डेमो कर बताया गया तथा आमजनों को पम्पलेट व लीफलेट का वितरण किया गया। जिसमें उपस्थित रहे अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार सिंह सब ऑफिसर राहुल राज, जय प्रकाश राय एवं दैनिक प्रभारी मुकेश कुमार, रोहित राज, भुषण कुमार अग्निक मो मेहरे आलम,नीतू कुमारी अ. निलू कुमारी,धनजीत कुमार,अमर कुमार बीरबल कुमार,सतीश कुमार अरविन्द कुमार,रोशन राज, स्वेता कुमारी अग्निक चालक रिषभ राज , धनंजय प्रजापति तथा सभी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पुलिस ने छापेमारी कर 900 लीटर महुआ पास किया विनष्ट

**बड़हरा ।** कृष्णगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बभनगांवा एवं सोहरा गांव में करीब 900 लीटर महुआ पास को विनष्ट किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि इन क्षेत्रों में अवैध रूप से महुआ पास तैयार किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मंगलवार को भारी मात्रा में महुआ पास को नष्ट कर दिया। पुलिस केस करवाई से शराब से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

### वरुणा मुसहरी में डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती पर पाठशाला का उद्घाटन

**अगिआंव।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर अंबेडकर के 135वीं जयंती के अवसर पर वरुणा पंचायत के मुसहरी में निशुल्क पाठशाला का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पंचायत मुखिया आशा देवी व सामाजिक कार्यकर्ता का विकास मित्र नानजी मुसहर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया है। पाठशाला के उद्घाटन के दौरान बरुही पंचायत मुखिया आशा देवी ने कहा कि शिक्षा से ही हमारे समाज का बदलाव संभव है। हमें जो शिक्षा मिली उसके बदौलत हमने अपना मोकाम हासिल किया है। आप सब भी अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए शिक्षा के प्रति जागरूक होकर तत्परता निभाएं ।ताकि हमारे समाज का बदलाव हो सके। पाठशाला के दौरान उपस्थित अतिथियों को आयोजन कर्ता द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया गया। उपस्थित छात्रों के बीच पठन सामग्री भी वितरण की गई। इस अवसर पर बरुही पंचायत मुखिया आशा देवी आयोजन कर्ता नन्दजी मुसहर, संजू राम,बद्रीनाथ राम,सत्येंद्र राम, बाबू राम,भगवान राम,रामधारी राम,जगजीवन मुसहर, बिट्टू राम,परशुराम राम,लाल मुसहर,स्तुति भारती,रामदयाल मुसहर,लाल बिहारी समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

### ब्राह्मण महासभा टीम ने शोकाकुल परिवार मिल मदद का दिया आश्वासन

**सासाराम।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की टीम महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी के नेतृत्व में चेनारी थाना के डेहरिया पंचायत के खैरा वेद गांव में पहुंचकर दिवंगत सतानंद तिवारी के शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें धैर्य प्रदान किया तथा ब्राह्मण महासभा की तरफ से आश्रितों को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। महासभा के अध्यक्ष डॉक्टर के एन तिवारी ने पीड़ित परिवार के छोटे बच्चे को, जिसकी आंख की समस्या है कहा की आपकी आंख के इलाज की सारी जिम्मेवारी अब मेरी हुई। महासभा के संगठन मंत्री बुटश तिवारी ने दिवंगत सतानंद तिवारी के बड़े बेटे को कहा कि आगे की पढ़ाई करने के लिए अब आपको सासाराम में किराए के मकान में नहीं रहना पड़ेगा। आप मेरे मकान में निशुल्क जब तक पढ़ाई करना चाहे, रह सकते हैं। इसके अतिरिक्त महासभा के महासचिव संतोष मिश्रा द्वारा परिवार को भरोसा दिया गया की आगे आपको हर तरह की सहायता और सुविधा संगठन के माध्यम से देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर डॉ. उमाकांत चतुर्वेदी, पारसनाथ तिवारी,पीपी मिश्रा, सुनील तिवारी,शशिकांत चौबे, राजेश तिवारी,परशुराम तिवारी,बृजकिशोर तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

### सतुआन पर्व पर लोगों में दिखा लोकसंकृति का आस्था

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को सतुआन पर्व आस्था,परंपरा और लोकसंस्कृति के अनोखे संगम के रूप में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जो सुबह से ही घरों में पारंपरिक उत्सव का माहौल रहा और हर ओर लोकजीवन की सादगी के साथ सांस्कृतिक रौनक देखने को मिली। पर्व की शुरूआत परंपरा के अनुसार सतुआ के सेवन से हुई,जिसे गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है । लोगों ने पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि,अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की कामना की । घरों में पारंपरिक विधि-विधान और आस्था का सुंदर दृश्य देखने को मिला । ग्रामीण क्षेत्रों में खेत-खलिहानों और चौपालों पर पर्व की विशेष छटा दिखाई दी,जहां लोगों ने मिलकर एक-दूसरे को सतुआ खिलाकर शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।

# वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में डॉ. अंबेडकर की धूमधाम से मनी जयंती

**भारत के संविधान जनक व महान समाज सुधारक थें बाबा साहेब : डॉ. मनीष**

**केटी न्यूज/रोहतास**

मंगलवार को स्थानीय शहर के वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मियों ने बाब साहेब आंबेडकर के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही दो मिनट का मौन रख उन्हें याद किया। अवसर पर डॉ. मनीष ने उनके



जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक और महान समाज सुधारक महान पुरुष थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद के खात्मे और दलितों, पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। बाबा साहेब ने भारत के संविधान का निर्माण 29 अगस्त 1947 से 26 नवंबर 1949 के बीच किया था। जिसके बाद उन्हें संविधान सभा की 'प्रारूप समिति' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जिसकी मुख्य जिम्मेदारी संविधान का लिखित मसौदा तैयार करना था। जो भारतीय संविधान को तैयार करने में कुल 2 साल,11 महीने और 18 दिन का समय उन्हें लगा था। इसके प्रारूप समिति गठन के आलोक डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व में इस समिति की स्थापना भारत में 29 अगस्त 1947 को हुई थी। वह एक प्रखर अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजशास्त्री के रूप में बाबा साहेब ने समाज के वंचित वर्गों को 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का प्रभावशाली नारों के साथ अथक प्रयासों से भारतीय संविधान में समानता और न्याय का अलग जगाया। जो आज आधुनिक भारत के निर्माण में एक मार्गदर्शक स्तंभ के रूप में जयंती के दिन उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए समतामूलक समाज के मार्ग पर चलने का संकल्पित अवसर माना जाता है। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, प्रो. संगीता कुमारी, प्रीतम कुमार, शशि कुमार, चंदेश्वर पांडे, अनिल कुमार, अरुण कुमार, गोलू कुमार, दिलीप कुमार, सतीश कुमार, पवन कुमार, विश्वजीत कुमार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थें।

# क्षति : गांव में हाथियों के झुंड ने स्कूल और घरों में घुस मचाया तांडव, लोगों में भय

**केटी न्यूज/नवादा**

जिले में हाथियों ने लोगों की नाक में दम कर रखा है मामला रजौली प्रखंड क्षेत्र का है,जहां तीन दिनों से रजौली थाना अंतर्गत के कई पंचायत धमनी,फरार्कबुजुर्ग,हरदिया और चितरकोली पंचायत स्थित गढ़ दिबौर गांव के स्कूल व घरों में गजराज का तांडव देखने को मिल रहा है यहां सोमवार की देर रात 22 की संख्या में हाथियों ने तीन घरों व नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गढ़ दिबौर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार अकसर घने जंगल से हाथियों का झुंड ग्रामीण इलाके में पहुंच जाता है उसके बाद वहां के गरीबों के घरों को अपना निशाना बनाता है और सब कुछ तबाह करने के बाद लौट जाता है इस बीच ग्रामीण दहशत में हैं।



**हाथियों ने घर और स्कूलों को किया क्षति :** मीडिया रिपोर्ट की मानें तो यहां गढ़दिबौर निवासी रजिया खातून एमडी शमीम ने बताया कि वे लोग सभी परिवार के साथ अपने घर में सोए हुए थे 12 बजे रात में अचानक हाथी आए और पहले स्कूल को क्षतिग्रस्त किया उसके बाद घर में रखे राशन को भी तहस नहस कर डाला खेत की सब्जी को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं ऐसे में सभी ग्रामीणों के बीच डर का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार कई महीनों से हाथियों का इस कदर खौफ है कि ग्रामीण रात- रात भर जागने पर मजबूर हो रहे हैं काफी भय का माहौल है लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं हुआ यूं कि हाथी कोडरमा घाटी के मेघातरी होते हुए रजौली में प्रवेश कर गया है लगातार हाथियों की तरफ से तबाही देखने को मिल रही है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि कोडरमा की ओर से आए हुए हाथियों को वापस भेजने के लिए एक रेस्क्यू की टीम को लगाया गया है। जिसके बाद पटाखा छोड़कर हाथियों को भगाने की कोशिश की जा रही है। दूसरी ओर सभी लोगों से भी अपील की गई है कि वे घरों में रहें और इस दौरान बाहर नहीं निकलें।

## बिहार में नया टूरिज्म हब तैयार!

# गेटवे ऑफ वीटीआर बनेगा पर्यटकों का नया आकर्षण का केंद्र



**एजेंसी। पटना**

बिहार के पश्चिमी चंपारण स्थित बिहार के बगहा वन क्षेत्र में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा विकसित किया जा रहा बहुप्रतीक्षित इको-टूरिज्म प्रोजेक्ट गेटवे ऑफ वीटीआर अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यह नया पर्यटन केंद्र प्रसिद्ध वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के मदनपुर रेंज में विकसित किया जा रहा है, जिसे जल्द ही पर्यटकों के लिए खोलने की तैयारी चल रही है। करीब 0.548 एकड़ क्षेत्र में फैले इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जबकि प्रवेश द्वार और कुछ फिनिशिंग कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 3.13 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें आधुनिक डिजाइन, हरियाली विकास, बैठने की व्यवस्था और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं को शामिल किया गया है। गेटवे ऑफ वीटीआर को विशेष रूप से ऐसे पर्यटकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है जो प्रकृति के करीब समय बिताना चाहते हैं। यहां आने वाले पर्यटक घने जंगलों के बीच प्राकृतिक वातावरण का आनंद ले सकेंगे। परियोजना का उद्देश्य वन्य जीवन संरक्षण के साथ-साथ इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना भी है। पर्यटन विभाग के अनुसार, यह स्थल वाल्मीकिनगर क्षेत्र की पर्यटन पहचान को एक नया आयाम देगा। पहले से ही अपने जैव विविधता और बाघों के लिए प्रसिद्ध यह इलाका अब एक आधुनिक प्रवेश द्वार के रूप में और अधिक आकर्षक बनने जा रहा है। बगहा वन क्षेत्र पदाधिकारी के अनुसार, पार्क और गेटवे का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और केवल अंतिम चरण के कुछ निर्माण कार्य बाकी हैं। यदि सभी कार्य समय पर पूरे हो जाते हैं तो अप्रैल के अंतिम सप्ताह में वरीय अधिकारियों द्वारा इसका औपचारिक उद्घाटन किए जाने की संभावना है। प्रशासन का मानना है कि यह प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद वाल्मीकिनगर क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। फिलहाल इस नए इको-टूरिज्म स्पॉट में प्रवेश शुल्क तय नहीं किया गया है। विभाग की ओर से इसका प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही शुल्क निर्धारित कर दिया जाएगा, जिससे आम पर्यटकों के लिए यहां पहुंचना और भी व्यवस्थित हो सकेगा। गेटवे ऑफ वीटीआर में पर्यटकों की सुविधा के लिए कई आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। इसमें आरामदायक बैठने की जगह, बच्चों के मनोरंजन क्षेत्र, नाश्ते की सुविधा और आकर्षक लैंडस्केपिंग शामिल है। इसके अलावा पूरे परिसर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वन विभाग ने जंगली जानवरों से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मजबूत घेराबंदी भी की है। साथ ही रात के समय स्थल को आकर्षक बनाने के लिए विशेष लाइटिंग सिस्टम भी लगाया गया है, जो इसे और भी सुंदर रूप प्रदान करेगा।

# 2030 तक का इंतजाम कर जा रहा हूं, सीएम पद से इस्तीफे के साथ नीतीश कुमार का संदेश



**एजेंसी। पटना**

नीतीश कुमार ने जाते-जाते बता दिया कि वह 2030 तक भले न रहे, लेकिन 2025 से 2030 तक के लिए विकास की रूपरेखा पर काम शुरू करा चुके हैं। जाते-जाते क्या दिया संदेश, पूरा पढ़िए यहां। 20 साल तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। इस्तीफा के बाद बेहद ही शालीनता के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर बिहारवासियों को अपना संदेश दिया। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के कार्यों में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी वर्गों का विकास किया है, चाहे हिंदू हों, मुस्लिम हों, उच्च वर्ग हो, पिछड़ा वर्ग हो, अति पिछड़ा वर्ग हो, दलित हों या महादलित सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में कार्य हुआ है, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं।

### बिहार और अधिक तेजी से विकसित होगा

नीतीश कुमार ने कहा कि हाल के दिनों में विकास कार्यों को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, अर्थात 2025 से 2030 तक के लिए ह्यसात निश्चय-3ह्न का गठन किया गया है। इससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी और बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को नमन है। बिहार और अधिक तेजी से विकसित होगा, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है और लंबे समय से निरंतर उनकी सेवा की है। हमने पहले ही तय किया था कि अब मुख्यमंत्री पद छोड़ देंगे। इसी क्रम में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद माननीय राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया है। अब नई सरकार राज्य का कार्यभार संभालेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी अच्छा काम होगा और बिहार निरंतर प्रगति करता रहेगा। बिहार बहुत आगे बढ़ेगा।

## बिहार में शराब तस्करों का बड़ा खेल बेनकाब : भूसी के ढेर में छिपे 1.11 करोड़ रुपये की शराब का खुलासा

**एजेंसी। पटना**

बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद तस्करों के हौसले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। समस्तीपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मध्य निषेध और उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। इस कार्रवाई ने तस्करों के नए और शातिर तरीकों का भी खुलासा कर दिया है। पूरा मामला ताजपुर थाना क्षेत्र के गांधी चौक का है, जहां गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक संदिग्ध 14 चक्का ट्रक को रोका। ट्रक को देखकर पहले तो सब कुछ सामान्य लग रहा था, लेकिन जैसे ही तलाशी शुरू हुई, अधिकारियों के भी होश उड़ गए। ट्रक के अंदर बेहद चालाकी से तहखाना बनाया गया था, जिसके ऊपर भूसी भरी हुई थी। इसी भूसी के अंदर शराब के कार्टून छिपाकर रखे गए थे, ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। लेकिन टीम की सतर्कता के आगे तस्करों की चालाकी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। तलाशी के दौरान कुल 1022 कार्टून में करीब 9198 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जब्त शराब की बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 11 लाख रुपये आंकी गई है। इतनी बड़ी मात्रा में शराब की बरामदगी से इलाके में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है और वाहन को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है, ताकि इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला किसी बड़े तस्करी गिरोह से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि शराब तस्कर लगातार नए-नए तरीके अपनाकर पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन विभाग की मुस्तैदी से उनके मंसूबे नाकाम हो रहे हैं। पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम अब इस मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## प्रसाद बना बीमारी की वजह: मुजफ्फरपुर में एक ही गांव के 100 लोग बीमार, शादी के माहौल में मचा हड़कंप



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां पूजा का प्रसाद खाने के बाद एक ही गांव के करीब 100 लोग अचानक बीमार पड़ गए। इस घटना ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी और शादी की खुशियां देखते ही देखते चिंता में बदल गईं। घटना जिले के खंगुराडीह पंचायत के राम खंगुरा गांव की है, जहां सत्यनारायण भगवान की पूजा का आयोजन किया गया था। गांव के लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में इस पूजा में शामिल हुए थे। पूजा समाप्त होने के बाद सभी के बीच प्रसाद बांटा गया और लोगों ने श्रद्धा से उसे ग्रहण किया। डशनिवार तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन रविवार सुबह अचानक हालात बदल गए। एक-एक कर लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते बीमार लोगों की संख्या बढ़कर करीब 100 तक पहुंच गई। बीमार पड़ने वालों में सबसे ज्यादा संख्या महिलाओं और बच्चों की बताई जा रही है। एक साथ इतने लोगों के बीमार पड़ने से गांव में हड़कंप मच गया। घर-घर से कराहने की आवाजें आने लगीं और हर कोई घबराहट में अपने परिजनों को संभालने में जुट गया। स्थिति गंभीर होते देख तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी गई। कटरा पीएचसी से एंबुलेंस गांव पहुंची और मरीजों को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। कई लोगों को कटरा और सिंहवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। डडॉक्टरों के अनुसार, सभी मरीजों में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण पाए गए। कटरा सीएचसी के प्रभारी डॉक्टर कुमार कल्याण ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला दूषित भोजन से जुड़ा हुआ लग रहा है। हालांकि, राहत की बात यह है कि सभी मरीज अब खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं और प्राथमिक उपचार के बाद कई लोगों को घर भी भेज दिया गया है।

### शादी के घर में छाया सन्नाटा

जानकारी के अनुसार, गांव के निवासी लोटन दास के बेटे की शादी 17 अप्रैल को होने वाली है। इसी सिलसिले में मांगलिक कार्यक्रम के तहत सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया था। लेकिन इस घटना के बाद शादी के घर में जहां खुशियों का माहौल होना चाहिए था, वहां अब चिंता और सन्नाटा पसरा हुआ है।

### जांच के लिए सैंपल सुरक्षित

घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने प्रसाद में इस्तेमाल की गई सामग्री और बचे हुए प्रसाद के सैंपल को जांच के लिए सुरक्षित रख लिया है। डॉक्टरों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर किस कारण से यह फूड प्वाइजनिंग हुई।

### पुलिस भी जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। कटरा थाना के प्रभारी मनीष कुमार ने गांव पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रहा है, ताकि इस घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

## एक नजर

### परबत्ता में जश्न का माहौल, यही से पहली बार विधायक बने थे सम्राट चौधरी

**पटना।** सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने और बिहार के अगले मुख्यमंत्री बनने की खबर से खगड़िया में उनके समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। खासकर जिले के परबत्ता विधानसभा क्षेत्र में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है। बता दें कि परबत्ता वही विधानसभा क्षेत्र है, जहां से सम्राट चौधरी ने वर्ष 2000 में राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतकर विधायक बने थे। इसके बाद वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने इसी सीट से जीत दर्ज की थी। परबत्ता के महाद्दीपु गांव से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। ऐसे में उनके समर्थक और ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मना रहे हैं। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं। पूरे इलाके में होली और दिवाली जैसा उत्सव नजर आ रहा है। बता दें कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बीजेपी विधायक दल और एनडीए विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी के नाम पर मुहर लगी। इसके साथ ही उनके मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। सम्राट चौधरी की अगुवाई में नई सरकार बुधवार सुबह 11 बजे लोक भवन (राजभवन) में शपथ लेगी। इस खबर के सामने आते ही पूरे बिहार में जश्न का माहौल बन गया है। सतुआनी के दिन ही लोग होली और दिवाली की तरह खुशी मना रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं और आतिशबाजी कर रहे हैं। समर्थकों का कहना है कि बिहार को एक युवा मुख्यमंत्री मिला है, जिससे वे बेहद उत्साहित हैं और उन्हें उम्मीद है कि इससे राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### सिवान में पसंद की शादी को लेकर टावर पर चढ़ीं दो किशोरियां, घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

बिहार के सिवान जिले में मंगलवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दो नाबालिग किशोरियां अपनी मांग मनवाने के लिए करीब 80 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गईं। मामला महाराजगंज थाना क्षेत्र के जिगरहवां गांव का है, जहां इस घटना ने देखते ही देखते पूरे इलाके को दहशत और जिज्ञासा से भर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों किशोरियां आपस में सहेलियां हैं और प्रेम-प्रसंग से जुड़े मामलों को लेकर अपने-अपने परिवार से नाराज थीं। बताया जा रहा है कि वे अपनी पसंद से शादी करना चाहती थीं, लेकिन घरवालों के विरोध से परेशान होकर उन्होंने यह खतरनाक कदम उठा लिया।सुबह होते ही दोनों अचानक गांव के पास लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गईं। कुछ ही देर में वे टावर की ऊंचाई पर पहुंचकर जोर-जोर से चिल्लाने लगीं और नीचे कूदने की धमकी देने लगीं। यह दृश्य इतना भयावह था कि आसपास मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। घटना की खबर फैलते ही मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। तेज धूप और तपते लोहे के बीच टावर पर खड़ी किशोरियों को देखकर हर कोई चिंतित नजर आ रहा था। कई लोग उन्हें नीचे उतरने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़ी रहीं। एग्रामीणों का कहना है कि दोनों किशोरियां बार-बार एक ही बात दोहरा रही थीं–अगर उनकी पसंद की शादी नहीं कराई गई तो वे नीचे कूद जाएंगी। यह पूरा घटनाक्रम किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं लग रहा था, जहां अपनी बात मनवाने के लिए जान जोखिम में डाल दी जाती है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत से सनसनी, घर में फंदे से लटका मिला शव, परिजनों ने लगाया यह आरोप

**बेतिया।** बेतिया जिले के बलथर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। युवक का शव उसके ही घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। मृतक की पहचान राजन साह, पिता लालबाबू साह के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, राजन की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। उसका इलाज भी चल रहा था, लेकिन उसकी हालत में खास सुधार नहीं हो पा रहा था। बताया जाता है कि उसके व्यवहार में लगातार बदलाव आ रहा था, जिससे परिवार के लोग काफी परेशान थे। परिजनों ने यह भी बताया कि राजन की इन परिस्थितियों से तंग आकर उसकी पत्नी कुछ समय पहले अपने मायके चली गई थी। पत्नी के जाने के बाद राजन घर में अकेला रह रहा था। इसी बीच यह दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। घटना का खुलासा 13 अप्रैल को उस वक्त हुआ, जब राजन का भाई किसी काम से उसके घर पहुंचा। जैसे ही उसने घर के अंदर कदम रखा, सामने का दृश्य देखकर उसके होश उड़ गए। कमरे के भीतर राजन का शव फंदे से लटका हुआ था। यह नजारा इतना भयावह था कि वह कुछ पल के लिए सन्न रह गया। इसके बाद उसने तुरंत शोर मचाया और अन्य परिजनों को इसकी सूचना दी। देखते ही देखते घर के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई।

### 2 मई से शुरू होगा इंटर-मैट्रिक कंपार्टमेंट परीक्षा

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (BSEB) ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट और मैट्रिक विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस घोषणा के साथ ही उन लाखों छात्रों को बड़ी राहत मिली है, जो अपने परिणाम सुधारने या लंबित विषयों की परीक्षा देने का इंतजार कर रहे थे। बोर्ड द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, इंटरमीडिएट की परीक्षा 2 मई से 11 मई तक आयोजित की जाएगी, जबकि मैट्रिक (दसवीं) की परीक्षा 2 मई से 6 मई के बीच संपन्न होगी। परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 12:45 बजे तक चलेगी, जबकि दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से 5:15 बजे तक होगी। बोर्ड ने छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर पाली में 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया है। इस दौरान परीक्षार्थी प्रश्नपत्र को पढ़ और समझ सकते हैं, हालांकि उन्हें इस समय उत्तर लिखने की अनुमति नहीं होगी।

## गोपालगंज से आईपीएल तक : डेब्यू मैच में शाकिब की गेंदों ने बिखेरी चमक, आगे नहीं टिके दिग्गज



**एजेंसी। पटना**

बिहार की मिट्टी ने एक बार फिर क्रिकेट जगत को अपना हुनर दिखाया है। गोपालगंज के लाल शाकिब हुसैन ने आईपीएल 2026 में कदम रखते ही ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसकी चर्चा पूरे क्रिकेट जगत में हो रही है। सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी पहनकर डेब्यू करने उतरे शाकिब हुसैन ने अपनी रफ्तार और सटीक लाइन-लेंथ से राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को परेशान कर दिया। मैच की शुरूआत में कप्तान ने उन्हें नई गेंद सौंपी, जहां उन पर दबाव और उम्मीदें दोनों थीं, लेकिन शाकिब ने आत्मविश्वास के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई।उन्होंने अपने पहले ही ओवर में वह कारनामा कर दिखाया, जो किसी भी गेंदबाज का सपना होता है। अपनी तेज इन-स्विंगर पर उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के स्टार ओपनर यशस्वी जायसवाल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। पहले ही ओवर में इतना बड़ा विकेट लेना उनके टैलेंट का बड़ा प्रमाण है। यशस्वी जायसवाल जैसे दिग्गज बल्लेबाज का विकेट लेने के बाद शाकिब हुसैन रातों-रात सुर्खियों में आ गए। उनके इस प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद को शानदार शुरूआत मिली और वे सोशल मीडिया व क्रिकेट विशेषज्ञों के बीच चर्चा का केंद्र बन गए। शाकिब हुसैन का यहां तक पहुंचना आसान नहीं रहा। बिहार के छोटे जिले गोपालगंज से निकलकर आईपीएल जैसे बड़े मंच तक पहुंचना उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प की कहानी है। सीमित संसाधनों और सुविधाओं की कमी के बावजूद उन्होंने अपनी गेंदबाजी को लगातार बेहतर बनाया। उनकी तेज रफ्तार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी, जिसने आईपीएल स्काउट्स का ध्यान अपनी ओर खींचा। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी शाकिब की तारीफ करते हुए कहा कि वे भारतीय सेना का हिस्सा बनना चाहते थे और उनकी फिटनेस व शुरूआत शानदार है। शाकिब की इस उपलब्धि से पूरे बिहार, खासकर गोपालगंज में खुशी का माहौल है। यह सिर्फ उनकी जीत नहीं, बल्कि उन सभी युवाओं की प्रेरणा है जो छोटे शहरों से निकलकर बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने का हौसला रखते हैं।

### डेब्यू मैच में शानदार शुरूआत

सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी पहनकर डेब्यू करने उतरे शाकिब हुसैन ने अपनी रफ्तार और सटीक लाइन-लेंथ से राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों को परेशान कर दिया। मैच की शुरूआत में कप्तान ने उन्हें नई गेंद सौंपी, जहां उन पर दबाव और उम्मीदें दोनों थीं, लेकिन शाकिब ने आत्मविश्वास के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई।

## पटना के आर्केड बिजनेस कॉलेज में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी




**एजेंसी। पटना**

पटना के दिनकर गोलंबर के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब वहां स्थित आर्केड बिजनेस कॉलेज में अचानक आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। धुआं उठता देख आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। मिली जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। अगलगी की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियां पहुंची। जिसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया। यह घटना कदमकुआं इलाके की है। बताया जा रहा है कि कॉलेज की ऋ-2 इमारत के ऊपरी तल पर स्थित लैब में आग लगी थी। आग की वजह से लैब में रखे कंप्यूटर, टेबल, कुर्सियां और अन्य सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। फिलहाल अगलगी के कारणों का पता लगाया जा रहा है।